प्रेस नोट - जनपद बलिया

दिनांक 21.07.2021

थाना उभांव जनपद बलिया पुलिस द्वारा 25 ग्राम हिरोइन कीमती लगभग 2,50,000 रू0 व 01 अदद तमंचा व 02 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ 01 नफ़र अभियुक्त गिरफ्तार।

श्रीमान पुलिस अधीक्षक बलिया डॉ0 विपिन ताडा महोदय के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण के लिये चलाये जा रहे अभियान में दिनांक 21.07.2020 को ज्ञानेश्वर मिश्रा प्रभारी निरीक्षक थाना उभांव के निर्देशन में उ0नि0 अतुल कुमार मिश्र चौकी प्रभारी सीयर बेल्थरारोड के हमराह का0 रामप्रकाश यादव का0 जनार्दन चौधरी का0 चन्द्रशेखर के साथ त्यौहार बकरीद के दृष्टिगत भ्रमणशील कस्बा बेल्थरारोड में बीबीपुर नहर पुलिया पर समय 06.30 बजे राकेश चौरसिया उर्फ टाइगर पुत्र दीनदयाल निवासी बीबीपुर वार्ड नं0 कस्बा बेल्थरारोड थाना उभांव जनपद बलिया के कब्जे से एक प्लास्टिक के झोले मे 25 ग्राम हिरोइन व एक अदद तमंचा 315 बोर व 02 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ। पूछताछ के दौरान अभियुक्त द्वारा बताया गया कि वह उक्त हिरोइन को बलिया व सिकन्दरपुर से ले आकर बिक्री करता है तथा अवैध धन कमाता है तथा इसी धन से अपनी आजीवका चलाता है। पकड़े गये उपरोक्त अभियुक्त के विरूद्ध थाना उभांव जनपद बलिया पर क्रमशः मु0अ0सं0 96/21 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट व मु0अ0सं0 97/21 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया है तथा अभियुक्त को माननीय न्यायालय बलिया रवाना किया जा रहा है।

बरामदगीः-

1. 25 ग्राम नाजायज हिरोइन कीमत लगभग 2,50,000 रू0
2. 01 अदद तमंचा 315 बोर व 02 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर

नाम पता अभियुक्तगणः-

1. राकेश चौरसिया उर्फ टाइगर पुत्र दीनदयाल निवासी बीबीपुर वार्ड नं0 कस्बा बेल्थरारोड थाना उभांव जनपद बलिया

गिरफ्तार करने वाली टीमः-

1. उ0नि0 श्री अतुल कुमार मिश्र प्रभारी चौकी सीयर थाना उभांव जनपद बलिया
2. का0 रामप्रकाश यादव चौकी सीयर थाना उभांव जनपद बलिया
3. का0 जनार्दन चौधरी चौकी सीयर थाना उभांव जनपद बलिया
4. का0 चन्द्रशेखर आजाद चौकी सीयर थाना उभांव जनपद बलिया।

थाना-उभाँव,जनपद-बलिया
सत्यमेव जयते
स्थापित-1857